नई दिल्ली, 5 अप्रैल, 2015: पूर्व उप प्रधनमंत्री तथा लोक सभा की आचार समिति के सभापति श्री लाल कृष्ण आडवाणी और पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती मीराकुमार के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज बाबू जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर संसद भवन में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में अनेक वर्तमान और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे ।

लोक सभा के महासचिव श्री अनूप मिश्रा और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शेरिफ ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

इस समारोह में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित बाबू जगजीवन राम के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

राष्ट्र के प्रति बाबूजी की असाधारण सेवाओं के सम्मान में संसद भवन में बाबू जगजीवन राम की प्रतिमाका अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 25 अगस्त, 1995 को किया था ।